**सहूलियत** | आठ सेवाओं को ऑनलाइन कर निवेश मित्र पोर्टल से कनेक्ट किया गया

# गीडा की शासन से होगी सीधी निगरानी

- निवेश मित्र पोर्टल और गीडा सेवा पोर्टल एक-दूसरे से हुए कनेक्ट
- फायर, प्रदूषण समेत कई आवेदनों की शासन से हो सकेगी निगरानी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा में उद्यमियों की सहूलियत के लिए समय विस्तारण, एनओसी, लीज ट्रांसफर समेत आठ सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा 30 नवम्बर को लांच किए गए गीडा सेवा पोर्टल को निवेश मित्र पोर्टल से कनेक्ट कर दिया गया है। ऐसे में बेवजह आवेदन को लटकाने के मामले सीधे शासन की नजर में होंगे। वहीं दूसरी तरफ 20 से अधिक ऑफलाइन आवेदनों को गीडा के अधिकारियों ने निस्तारित कर दिया है।

गीडा द्वारा जिन आठ सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है उसमें समय विस्तारण, ट्रांसफर ऑफ लीज डीड टू फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशन, पूर्णता प्रमाण पत्र, पूर्ण भुगतान के बाद नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्रमुख हैं। इसके साथ वित्तीय संस्थान के पक्ष में गिरवी रखने की अनुमति के लिए एनओसी, संयुक्त बंधक की अनुमति, निरस्तीकरण के बाद भूखंड की बहाली और आवंटी के निधन के बाद कानूनी उत्तराधिकारी की पहचान जैसे आवेदनों का निस्तारण ऑनलाइन होगा। चैंबर ऑफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष आरएन सिंह का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था से निस्तारण में तेजी आएगी। गीडा सेवा पोर्टल को निवेश मित्र पोर्टल से कनेक्ट किया गया है, ऐसे में आवेदनों पर शासन की भी नजर रहेगी।



गीडा में ऑनलाइन सेवाओं को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला में मौजूद उद्यमी।

**उद्यमियों को दी गई जानकारी :** गीडा सेवा पोर्टल का साफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कार्यशाला में चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष प्रवीण मोदी की मौजूदगी में उद्यमियों को आवेदन करने के तरीकों को साझा किया। आवेदन करने की प्रक्रिया का वीडियो गीडा की वेबसाइट www.gidagkp.in पर भी उपलब्ध है।